A | 609

# समग्र शिक्षा केरल
# ANNUAL EVALUATION 2023-'24
# वार्षिक मूल्यांकन
# हिंदी

**कक्षा 6** **समय : 2 घंटे**

**सामान्य निर्देश :**

- पंद्रह मिनट का कूल ऑफ़ टाइम प्रश्न-पत्र वाचन के लिए है।
- गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।
- 2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखें।

## गतिविधि 1

**सूचनाः खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

किसी तालाब में एक मेंढ़क रहता था। उसके दाँत हमेशा गंदे और काले रहते थे। वह मक्खियाँ बहुत खाता था, शायद इसीलिए। वह चॉकलेट भी खाता था। उसे दो-चार चॉकलेट के बीच दो-चार मक्खियाँ रखकर खाना पसंद था। वह इसे मक्खी सेंडविच कहता था।

दाँत - പല്ല്, मक्खियाँ - ഈച്ചകൾ

क) मेंढ़क कहाँ रहता था?

अ) नदी में  आ) पत्थर में

इ) तालाब में  ई) सागर में

ख) मेंढ़क के दाँत कैसे रहते थे?

अ) गंदे और पीले  आ) गंदे और सफ़ेद

इ) गंदे और नीले  ई) गंदे और काले

ग) मेंढ़क को क्या पसंद था?

अ) बतख सेंडविच  आ) मछली सेंडविच

इ) चिकन सेंडविच  ई) मक्खी सेंडविच

घ) मेंढ़क चॉकलेट के बीच क्या रखकर खाता था?

अ) मक्खियाँ  आ) चींटियाँ

इ) मछलियाँ  ई) चिड़ियाँ

ङ) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

अ) मेंढ़क करेला खाता था।

आ) मेंढ़क चॉकलेट खाता था।

इ) मेंढ़क आइस्क्रीम खाता था।

ई) मेंढ़क सेब खाता था।

## गतिविधि 2

**सूचना: 'ज़मीं को जादू आता है।' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

ये मेरे बाग की मिट्टी को कुछ तो है।
ये जादुई ज़मीं है क्या?
ज़मीं को जादू आता है।
अगर अमरूद बीजूँ मैं, तो ये अमरूद देती है,
अगर जामुन की गुठली डालूँ, तो जामुन देती है,
करेला तो करेला...नींबू तो नींबू!

क) कवितांश में 'भूमि' के लिए किस शब्द का प्रयोग हुआ है?

अ) बाग आ) नींबू

इ) ज़मीं ई) जादू

ख) निम्न लिखित आशय वाली पंक्ति चुनकर लिखें।

अमरूद के बीज बोने से अमरूद मिलता है।

ग) कवितांश का **आशय** लिखें।

## गतिविधि 3

**सूचना: 'मार्च' लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

मार्च के दिनों हाथों में किताबें और आँखों में नींदें रहा करती थीं। दो पन्ने पलटते ही नींद के हाथ आकर आँखों पर पलकें खींच जाते। उन दिनों अकसर ये सोचते कि काश आँखें बंद किए पढ़ाई हो पाती। तब कितना मज़ा आता!

क) किसके हाथ आकर आँखों पर पलकें खींच जाते?

अ) हवा के हाथ आ) नींद के हाथ

इ) मार्च के हाथ ई) किताब के हाथ

ख) सूचनाओं की सहायता से 'मार्च' लेख का परिचय देते हुए अपने मित्र को **पत्र** लिखें।

- हाथों में किताबें और आँखों में नींदें।
- परीक्षा का समय।
- घर में घुसती नीम की टहनियाँ।
- किताब पर गिरती पीली पत्ती।

## गतिविधि 4

**सूचनाः खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

बंदर, बैल, बकरी, बिल्ली सबने मिलकर बादल को बचाया। पानी बरसने लगा...सब नाचने लगे...


क) सबने मिलकर किसको बचाया?

ख) पानी जीवन का आधार है। इस आशय पर एक **पोस्टर** तैयार करें।

## गतिविधि 5


**सूचनाः चित्र देखें और उचित शब्द चुनकर वर्ग पहेली बुझाएँ।**







| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | |
| (shaded) | | 3 | 4 |
| 5 | | (shaded) | |

नींबू
बूढ़ा
मछली
कली
अमरूद







## गतिविधि 6

**सूचनाः कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

केरल के केले
केरल का पानी
केरल की नावें
लंबी पुरानी
केरल के हाथी
केरल के चावल
केरल की नदियाँ
केरल के बादल

क) कविता किस जगह के बारे में है?

ख) कविता के लिए एक शीर्षक दें।

ग) सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| केरल का | केले |
| केरल के | नावें |
| केरल की | पानी |